प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कल शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार : राजनीतिक दलों ने पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने में झोंकी ताक़त।
2. झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू अग्निकांड में मृतक नवजातों की संख्या हुई 11 : घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन।
3. प्रदेश के ऊर्जा और नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने आज जौनपुर में किया लगभग 4 करोड़ रुपए की परियाजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास।

और

4. चेन्नई में हुई सीनियर नेशनल हॉकी चंपियनशिप में उत्तर प्रदेश ने जीता कांस्य पदक : कड़े मुकाबले में मणिपुर को 2—1 से हराया

——————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार आखिरी दौर में पहुंच गया है। उपचुनाव के लिए कल प्रचार का आखिरी दिन है और कल शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसके

मद्देनजर राजनीतिक दलों ने प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में जन चौपाल लगाई। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने भी आज मझंवा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। वहीं राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने आज अलीगढ़ के खैर विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा की और भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की। बाइट......

*सरकार तेजी से काम तो कर ही रही है। मैं तो आपसे बस कहने आया हूँ कि इस काम की गति को बढ़ाकर रखना और कमल और नल एक हो गया।*

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी आज प्रयागराज के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार किया और विपक्ष पर वार किया। उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी आज जमकर चुनाव प्रचार किया। अखिलेश यादव न अंबेडकर नगर की कटेहरी और मझंवा विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी के लिये जनसभा की। बाइट.....

*पीडी ए और समाजवादियों को जिताने का काम करना यही मैं आप सब से निवेदन करने आया हूँ। मूझे पूरा भरोसा है कि आप सब लोग मिल करके इस चुनाव को जिताने का काम करोगे।*

**कल 9 सीटों पर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधानसभा सीट पर चार पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलग–अलग क्षेत्र में रोड शो और जनसभा करेंगे।**

———————

**प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में प्रदेश भर की नजरें मैनपुरी की करहल सीट पर लगी हुई हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यहां से जीत दर्ज की थी । वर्ष 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने करहल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद यह सीट रिक्त हो गई। पेश हैहमारे प्रतिनिधि की रिपोट......**

*करहल विधानसभा सीट पर वर्ष 1993 से 2022 तक हुए सात विधानसभा चुनावों में छह बार सपा जीती है, जबकि बीजेपी केवल एक बार वर्ष 2002 में जीत हासिल कर पाई है। करहल विधानसभा सीट को सपा का गढ़ कहा जाता है। लेकिन इस बार भाजपा ने सपा के किले में सेंध लगाने की तैयारी पूरी कर ली है। समाजवादी पार्टी से तेज प्रताप यादव चुनाव मैदान में हैं तो भाजपा ने अनुजेश यादव को टिकट दिया है। अनुजेश यादव और तेज प्रताप यादव रिश्तेदार भी हैं। 2019 से पहले तक अनुजेश यादव भी सपा में ही रहे हैं। उनकी पत्नी संध्या यादव 2015 में सपा से जिला पंचायत अध्यक्ष मैनपुरी भी रह चुकी हैं। करहल विधानसभा से कुल सात प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के 3.82 लाख मतदाता 20 नवंबर को इनकी किस्मत का फैसला करेंगे। नीरज कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, करहल, मैनपुरी।*

———————

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में शुक्रवार की रात आग लगने की घटना में इलाज के दौरान आज एक और नवजात की मौत हो गई। इससे मृतक नवजातों की संख्या कुल 11 हो गई है। बाकी घायल नवजातों का इलाज जारी है। झांसी के जिलाधिकारी ने बताया कि मृतक बच्चा बीमार था और अग्निकांड में घायल नहीं हुआ था। वहीं सरकार के निर्देश पर जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी कर तीन बिंदुओं पर समिति को जांच करने का निर्देश दिया है। उधर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने घटना को लेकर सरकार से जवाब मांगा है। आयोग ने सात दिनों में घटना की पूरी रिपोर्ट देने को निदेशित किया है।

---

प्रदेश के ऊर्जा और नगर विकास मंत्री व जौनपुर के प्रभारी मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने आज जौनपुर में लगभग 4 करोड़ रुपए की परियाजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जिले में ट्रांसफार्मर्स की क्षमता वृद्धि का कार्य लगातार तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से जोड़ने

वाले मुंगरा बादशाहपुर बाजार में जाम की समस्या से निपटने के लिए ओवर ब्रिज बनाने का कार्य किया जाएगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने आज भारत ब्रांड के तहत सस्ते दामों पर बिक्री की जाने वाली आटा, दाल, चावल और भारत प्याज की 30 मोबाइल वैन को बदायूं के एचपी ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री बी०एल० वर्मा ने कहा मोदी सरकार गरीब कल्याण को समर्पित सरकार है।

————————

बिरसा मुंडा की जयंती पर लखनऊ में आयोजित छह दिवसीय जनजाति भागीदारी उत्सव में 22 राज्यों से आए लोक कलाकार अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ0

हरिओम ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जनजाति भागीदारी उत्सव के माध्यम से लोगों को जनजातीय संस्कृति को जानने का मौका मिल रहा है । साथ ही सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। बाइट.....

*बाहर के जो 22 राज्यों से हमारे पास कलाकार आए हैं, वो उत्तर प्रदेश को जान रहे हैं, लखनऊ को देख रहे हैं, उनको घूमाने की भी व्यवस्था है और हम लोग भी जो शहरी लोग भी हैं उनको भी देख रहे हैं कि भाई ये लोग इस तरह होते हैं, ऐसे परफॉर्मेंस करते हैं, हमारे जैसे ही हैं उनको भी थोड़ी सहजता होगी। हमारे बीच में आके और जो उनके लिए सरकार विकास योजनाएं चला रही है, चाहे वो शिक्षा हो, रोजगार हो, स्वास्थ्य हो, उनका प्रशिक्षण हो, उनके अंदर उद्यमिता का विकास पैदा करने की बातें हो तो वो सबसे भी जब चर्चा और वक्तव्यों में ये सब बातें आती हैं उनकी जरूरतें हम लोग जानते हैं तो इससे बड़ा फायदा होगा। हर तरह से फायदा होगा।*

—————————

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रयागराज जंक्शन–प्रयागराज रामबाग दोहरीकरण कार्य के संबंध में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की स्थापना की गई है। नई इंटरलॉकिंग प्रणाली महाकुंभ मेला और उसके बाद प्रयागराज स्टेशन से ट्रेनों क सुचारु संचालन एवं अतिरिक्त परिचालन क्षमता प्रदान करेगी। प्रयागराज रेल मण्डल के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि इस मार्ग पर रिले इंटरलॉकिंग 1993 से काम कर रही थी, जो 30 साल से अधिक पुरानी व्यवस्था थी।

*नई इंटरलॉकिंग प्रणाली बेहतर फ्लेक्सबिलिटी के लिए प्रयागराज जंक्शन को 825 मार्ग उपलब्ध कराएगा, जिससे अत्यंत व्यस्त नईदिल्ली–हावड़ा रूट पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस प्रणाली के उपयोग से वाराणसी, लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय और सतना जाने वाली ट्रेनों के विलंबन समय में कमी आएगी। इस कार्य से कई ट्रेनों की आवाजाही एक साथ संभव हो सकेगी। ये कार्य प्रयागराज रामबाग से प्रयागराज जंक्शन पर लाइन नंबर 11 पर रिसेप्शन और लाइन नंबर 10 से नैनी के लिए प्रस्थान संबंधी समस्याएं दूर करेगा। साथ ही प्रयागराज जंक्शन की लाइन नंबर 18 और 19 से ट्रेनों को प्रयाग जंक्शन स्टेशन पर रवाना किया जा सकेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

**प्रदेश ने चेन्नई में आयोजित सीनियर नेशनल हॉकी चंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए मुकाबले में टीम ने मणिपुर को दो–एक से हराते हुए यह सफलता हासिल की यह मुकाबला बेहद कड़ा था। खेल के छठे मिनट में यूपी के कप्तान और ओलंपियन ललित उपाध्याय ने अपने साथी खिलाड़ी के पास पर गोल करते हुए टीम का खाता खोला। मैच का निर्णायक गोल खेल के 54वें मिनट में आया जिसे स्टार खिलाड़ी और ओलंपियन राजकुमार पाल ने किया।**

————————

**पवित्र बद्रीनाथ मंदिर के कपाट आज रात 9:07 मिनट पर मंत्रोच्चारण के साथ शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इसके लिए विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ कपाट बंद करने की प्रक्रिया हुई शुरू हो गई है। कल 10 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए। इस**

दौरान कई प्रमुख अनुष्ठान हुए और सत्र के समापन के लिए सैकड़ों किलो प्रसाद तैयार किया गया। यह उत्तराखंड के चारधाम यात्रा 2024 का समापन है। मंदिर अब अगले वर्ष अप्रैल–मई में खुलेंगे।

(समाप्त)